पेपर लीक के मुख्य आरोपित सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की संपत्ति सीज

- ईडी ने सुरेश ढाका के वैशाली नगर में फ्लैट, बगरू में फैक्ट्री, हीरापुरा पावर हाउस स्थित मकान को सीज किया है।
- भूपेंद्र सारण की बगरू में स्थित इलची सारण और इंदुबाला सारण के नाम से संपत्ति सीज की है।
- इसके अलावा सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण के सहयोगियों की संपत्ति को भी सीज करने की कार्रवाई की गई है।

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सेकंड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपित सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की प्रॉपर्टी सीज कर दी है। ईडी ने सुरेश ढाका के वैशाली नगर में फ्लैट, बगरू में फैक्ट्री, हीरापुरा पावर हाउस स्थित मकान को सीज किया है। साथ ही संपत्ति पर भारत सरकार का बोर्ड लगा दिया है। दिल्ली कोर्ट से परमिशन के बाद ईडी ने कार्रवाई को अंजाम दिया है।

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश ढाका की लंबे समय से तलाश है। ईडी सुरेश को पकड़ने के लिए कई बार प्रयास कर चुकी है। लेकिन उस तक नहीं पहुंच सकी। इस दौरान जांच में साबित हो गया था कि सुरेश ढाका ने जो संपत्ति बनाई, वह पेपर लीक कर के बनाई थी। इस पर ईडी ने कार्रवाई की। इसके साथ ईडी ने भूपेंद्र सारण की प्रॉपर्टी भी सीज की है। इसमें बगरू में स्थित इलची सारण और इंदुबाला सारण के नाम से संपत्ति सीज की गई है। सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की संपत्तियों को सीज करने के साथ-साथ उनके सहयोगियों की संपत्ति को भी सीज करने की कार्रवाई की गई है। जेडीए ने एक साल पहले भूपेन्द्र सारण और उसके भाई गोपाल सारण की अजमेर रोड स्थित प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चलाया था। साथ ही सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण से जुड़े अधिगम कोचिंग सेंटर पर भी बुलडोजर चलाया गया था।

सुरेश ढाका सांचौर से 20 किलोमीटर दूर स्थित अचलपुर गांव का रहने वाला है। पहले जेल भी जा चुका है। वह पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग और दूसरी बार पेपर लीक में जेल गया था। जयपुर में गुर्जर की थड़ी पर उमंग क्लासेज के नाम से कोचिंग चलाता था। जिसे जेडीए ने एक्शन लेते हुए गिरा दिया था। अभी वह फरार है।

गौरतलब है कि राजस्थान में 24 नवंबर 2022 को सीनियर टीचर भर्ती के जीके का पेपर होना था। एग्जाम शुरू होने से पहले ही परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उदयपुर में 40 स्टूडेंट्स बस में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए थे। इसे लेकर अजमेर, उदयपुर, अलवर समेत राज्यभर में छात्रों ने हंगामा और प्रदर्शन किया था। इसके बाद आनन-फानन में सुबह नौ बजे एग्जाम शुरू होने से ठीक पहले पेपर कैंसिल कर दिया गया था। वहीं, सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण पेपर लीक कांड के मास्टरमाइंड निकलकर आए थे।

भूपेंद्र सारण साल 2011 में जीएनएम भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह जेल भी जा चुका है। एटीएस एसओजी ने सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण को बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था।

प्राथमिकता से पूरा करवाएंगे मेडिकल कॉलेजों का कार्य : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जेईसीआरसी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को वर्चुअली संबोधित किया।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी स्वीकृत सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्राथमिकता से पूरा करवाएगी, जिससे आमजन को अपने जिलों में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। शर्मा गुरुवार को जयपुर स्थित जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिलान्यास समारोह को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में 15 मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति जारी होने के बाद भी कार्य की गति धीमी रही और केन्द्र से प्राप्त राशि भी पूर्ण रूप से खर्च नहीं हो सकी।

शर्मा ने कहा कि आरोग्य राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बजट में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आईपीडी के साथ डे-केयर पैकेज जोड़ना, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का ओपीडी में इलाज, हाई-वे पर 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाना, समस्त मानदेयकर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि करना जैसे संवेदनशील निर्णय किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन आए हैं।

बोर्ड चेयरमैन ने हाईकोर्ट में कहा गोपनीयता के चलते पेपर नहीं देखते

- 'पेपर सेटर से हो सकती है 10 फीसदी तक गलती'

जयपुर, (का.सं.)। तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 की उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन आलोक राज आदेश की पालना में हाईकोर्ट में उपस्थित हुए। अदालत ने उन्हें तीन साल की भर्तियों के रिकॉर्ड के साथ पेश होने को कहा था। चेयरमैन ने अदालत को बताया कि परीक्षा की गोपनीयता के चलते पेपर सेटर के प्रश्न पत्र को नहीं देखा जाता। ऐसे में यह मान सकते हैं कि उससे दस फीसदी तक गलती हो सकती है। इसके साथ ही बोर्ड की ओर से अदालत में शपथ पत्र के जरिए बीते तीन साल की भर्तियों की जानकारी अदालत को दी गई। शपथ पत्र देखकर अदालत ने कहा कि यह बोर्ड के प्रोग्रामर स्तर के कर्मचारी ने पेश किया है, जबकि कोर्ट ने चैयरमेन का शपथ पत्र मांगा था। इसलिए बोर्ड चैयरमेन तीन दिन में शपथ पत्र पेश कर बताए कि मॉडल उत्तर कुंजी और अंतिम उत्तर कुंजी के परिणाम में कितना अंतर रहता है।

वहीं अदालत ने याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश निधि चौधरी व अन्य की याचिका पर दिए।

शपथ पत्र में कहा गया कि बीते तीन साल में 78 भर्तियां आयोजित की गई हैं। इसमें कुल दस हजार 204 सवाल पूछे गए। इनमें से 215 सवालों को डिलीट किया गया और 163 सवालों के उत्तर बदले गए। ऐसे में डिलीट किए गए प्रश्नों का प्रतिशत 2.10 और उत्तर बदले गए सवालों का प्रतिशत 1.60 है। शपथ पत्र में यह भी बताया गया कि छत्तीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग, गुजरात राज्य लोक सेवा आयोग और हाईकोर्ट राजस्थान की ओर से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्नों को डिलीट किया गया है।

इसके साथ ही राजस्थान राज्य लोक सेवा आयोग ने भी व्याख्याता भर्ती-2022 में 150 में से 17, वरिष्ठ शिक्षक भर्ती-2022 में 150 में से 8, व्याख्याता अर्थशास्त्र भर्ती-2020 में 150 में से 9 और व्याख्याता वाणिज्य भर्ती-2022 में 150 में से 7 सवाल डिलीट किए गए। इसी तरह राजस्थान शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित रीट भर्ती में भी कई सवाल डिलीट किए गए। दूसरी ओर याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विज्ञान शाह और अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि बोर्ड ने सवाल हल करने के लिए जो पैरामीटर बताए थे, उन्हीं के आधार पर सवालों के जवाब दिए गए थे।

राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद पर फैसला सुरक्षित

- पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने का मामला

जयपुर, (का.सं.)। महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11, महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पेश परिवाद पर परिवादी की बहस सुनकर फैसला 13 मार्च को देना तय किया है। अदालत ने यह आदेश अधिवक्ता विजय कलंदर के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया की उसने गत 9 फरवरी को अखबार में पढ़ा की राहुल गांधी की भारत जोडा न्याय यात्रा छत्तीसगढ पहुंची है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है और वे पिछडों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। परिवाद में कहा गया की भाजपा ने जब राहुल गांधी के इस बयान को झूठा बताया तो उन्होंने कहा की मेरे सच पर मुहर लगाने के लिए धन्यवाद। राहुल गांधी का सार्वजनिक तौर पर दिया ऐसा बयान भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों और समुदाय के प्रति अपराध करने के लिए उकसाने के लिए दिया गया है। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के साथ ही देश की अखंडता के खिलाफ भी है। परिवाद में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक तौर पर राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी गैर हिन्दू परिवार के थे। अदालत पूर्व में कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही उसे बच्चे की जाति होगी।

भाजपा के आठ जिलाध्यक्ष बदले

जयपुर। लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी अपनी टीम को लगातार मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि पहले प्रदेश कार्यकारिणी और फिर उसके बाद सभी मोर्चों में बदलाव किया, लेकिन अब उन जिलों में भी बदलाव शुरू कर दिए जहां पर अध्यक्ष निष्क्रिय है। लोकसभा चुनाव में पार्टी संघटनात्मक दृष्टि से मजबूती के साथ काम करें इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए सीपी जोशी ने 8 जिलों के जिला अध्यक्षों को बदल दिया है।

सीपी जोशी ने झुंझुनूं में बनवारी लाल सैनी, सीकर में कमल सिकवाल, टोंक में अजीत मेहता, डूंगरपुर में हरीश पाटीदार, कोटा शहर में राकेश जैन, कोटा देहात में प्रेम गोचर, बूंदी में सुरेश अग्रवाल और बारां में नवल लाल सुमन को जिला अध्यक्ष बनाया है। पार्टी सूत्रों की माने तो अभी आधा दर्जन जिलों के जिला अध्यक्षों में और बदलाव होना है। यह वह जिला अध्यक्ष है जो लंबे समय से पद संभाल रहे हैं या फिर संगठनात्मक दृष्टि से निष्क्रिय है। भाजपा के नए जिला अध्यक्षों की घोषणा में हाड़ौती में बड़े स्तर पर बदलाव देखा गया है। बारां के भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा को भी बदल दिया गया है। लोकसभा चुनावों के पहले जिलाध्यक्ष को बदलना बड़ा सियासी संकेत समझा जा रहा है। बारां के पूर्व जिला प्रमुख नन्दलाल सुमन को अब संगठन ने जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, पीपल्दा से चुनाव लड़ चुके प्रेम गोचर को एक बार फिर देहात में कोटा की जिम्मेदारी सौंप गई है।उधर राकेश जैन, जो कि व्यापार प्रकोष्ठ में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

महिला दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं समाज के साथ राष्ट्र निर्माण में भी भूमिका निभा रही है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

रावी-व्यास की नदियों का आवंटित पूरा जल प्राप्त करने की कार्ययोजना ले रही है आकार

- नहरों की घटी प्रवाह क्षमता को पुनर्स्थापित कर 18 हजार क्यूसेक करने के लिए हो रहा है इंदिरा गांधी फीडर नहर का जीर्णोद्धार

जयपुर, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन अभय कुमार ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र के 15 जिलों में 20 अप्रेल से 19 मई तक इंदिरा गांधी फीडर एवं मुख्य नहर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस दौरान 30 दिन के लिए पूर्ण नहर बंदी की जाएगी, ताकि सिंचाई एवं पेयजल की जरूरत के लिए के लिए 18 हजार क्यूसेक पानी को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि 20 मार्च से 19 अप्रेल तक आंशिक नहर बंदी की जाएगी ताकि पूर्ण नहरबंदी के दौरान पेयजल की समुचित उपलब्धता हो सके।

कुमार बुधवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा इंदिरा गांधी नहर परियोजना से जुड़े अधिकारियों को इस संबंध में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ण नहर बंदी के दौरान पंजाब एवं राजस्थान क्षेत्र में इंदिरा गांधी फीडर एवं मुख्य नहर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना की क्षमता 18 हजार क्यूसेक है। वर्तमान में यह क्षमता घटकर 12 हजार क्यूसेक ही रह गई है। नहर का निर्माण 60 वर्ष पूर्व किया गया था जो अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे प्रदेश को अपने हिस्से का 60 प्रतिशत जल ही प्राप्त हो पाता है, पेयजल एवं सिंचाई के लिए लोगों को समुचित पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों एवं आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए आंशिक एवं पूर्ण नहर बंदी का निर्णय लिया गया है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि पूर्ण एवं आंशिक नहर बंदी के दौरान कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। पानी की चोरी रोकने के लिए पुलिस का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो इसके लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये।

कांग्रेस का एस.बी.आई. के खिलाफ प्रदर्शन, नहीं पहुंचे पूर्व मंत्री, विधायक

जयपुर शहर और जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चौड़ा रास्ता में विरोध प्रदर्शन किया गया।

जयपुर, (का.प्र.)। इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने में एसबीआई की लेटलतीफी के खिलाफ कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेशभर में एसबीआई शाखाओं पर प्रदर्शन किया। इसी के तहत जयपुर में जयपुर शहर और जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चौड़ा रास्ता में विरोध प्रदर्शन किया गया।

शहर अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी और देहात अध्यक्ष गोपाल मीणा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता रामलीला मैदान के सामने इकठ्ठा हुए और एसबीआई की न्यू गेट स्थित ब्रांच तक पैदल मार्च कर नारेबाजी कर विरोध दर्ज करवाया। इस प्रदर्शन में तिवाड़ी के अलावा विधानसभा चुनाव हारने वाले पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और विधायक प्रत्याशी अर्चना शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज और सीताराम अग्रवाल नहीं पहुंचे। इनके नहीं आने पर तिवाड़ी ने कहा कि जिसको आना है,वह आएगा और जिसे नहीं आना है, वह नहीं आएगा। जो कांग्रेस का सच्चा सिपाही है और देश के तिरंगे को मानता है, वह आएगा। यह बदलाव का युग है। पुराने लोग जाएंगे तो नए लोग आएंगे। यह कांग्रेस के अस्तित्व का नहीं बल्कि जनता और लोकतंत्र का सवाल है। जो नहीं आ रहे उन्हें जनता चुनाव में देख लेगी। यह कांग्रेस किसी की बपौती नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर प्रदेश के नेताओं को भी जानकारी दी गई है, फैसला आलाकमान को करना है।

इससे पहले विरोध प्रदर्शन को लेकर आरआर तिवाड़ी ने कहा कि पहली बार चुनाव में चंदे का घोटाला हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड लेकर आई और इसके जरिए सबसे ज्यादा चंदा जुटाया। कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने इलेक्टोरल बॉन्ड का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक सुप्रीम कोर्ट को देने के आदेश दिए थे, जो की अभी तक भाजपा ने नहीं दी।

तीये की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान** पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान का स्वर्गवास 06/03/2024 को हो गया है। जिनके तीये की बैठक 08/03/2024 को सांय 4 से 5 बजे तक निज आवास ए-57 जैन मन्दिर के पास, 80 फीट रोड़, महेश नगर पर रखी गई है।

शोकाकुल- श्रीमती मीरादेवी (धर्मपत्नी), सौरभ (पुत्र), गौरव- शालिनी (पुत्र-पुत्रवधू), योगेश, विनीत (भतीजे), रणजंय (पौत्र), सिंहायना (पौत्री) एवं समस्त चौहान परिवार।

मो. 9351312074, 7742877351

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मनोहर सिंह पुत्र स्व. श्री सुगन सिंह, आयु 53 वर्ष, निवासी- थाणा तहसील नेछवा जिला सीकर हाल निवासी 223, बरली गार्डन, खरखुजा मण्डी, एम. डी. रोड, जयपुर अपने पुत्र विक्रम सिंह शेखावत को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है तथा आज के पश्चात् विक्रम सिंह शेखावत का मेरे अभिभाष्य की समस्त चल अचल सम्पति में कोई हक नही रहेगा व विक्रम शेखावत के साथ यदि कोई व्यक्ति, संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिये स्वंय जिम्मेदार रहेगा। सूचित रहे।

जयपुर (मनीष सारोलिया) एडवोकेट
दिनांक 19.02.2024 मो.-9887504078

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **ई-निविदा संख्या: एस. एण्ड. टी / बी. के. एन. ईटी 281. कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के किशनगढ़ बालावास स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के लिए संकेत एवं दूर संचार से सम्बंधित कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** रु. 3,18,27,532.84. **Bid Security:** रु. 3,09,100.00. **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 28.03.2024 को 15.00 बजे** तक। वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है: www.ireps.gov.in

310-AK/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

खोया पाया

भूखंड संख्या-152 (पश्चिम भाग) योजना-सेंट्रल कॉलोनी, स्कीम नं.-1, फेज-तृतीय, रोड नं.-9 सीकर रोड, जयपुर के मूल पट्टा, साइड प्लान, रसीद गुम हो गये। मिलने पर सूचित करें। श्याम सुंदर सैनी-9829543993

मेरे मकान 1/503 मालवीय नगर, जयपुर के मूल दस्तावेज कब्जा पत्र, डिमाण्ड लैटर, कार्यालय आदेश, नियमितिकरण, अदैय प्रमाण पत्र, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-हीरा केसवानी-8003357536

मेरे प्लॉट नंबर 351 कानाराम नगर पथ नं. 7 विजयवाडी, मुरलीपुरा मंजू देवी के नाम के मूल दस्तावेज पट्टा, नक्शा व स्टाम्प पेपर कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें-7891563709

मेरा प्लाट नंबर डी-445 कल्पना नगर, आगरा रोड, जो कि सुषमेश भादा पांचाल के नाम से है, उक्त प्लाट के समस्त मूल दस्तावेज जेडीए आवंटन पत्र कब्जा पत्र, स्वीकृत पत्र, साइड प्लान, विनिमय पत्र कहीं गिर गए है, मिलने पर सूचित करें। सुषमेश पांचाल-9588850848

मेरे आवास संख्या 30/10/6 का आवंटन पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें-आशा शर्मा मो. 8852809770

मेरा प्लॉट नं. 67 योजना गायत्री नगर-बी नवजीवन ग्र.नि.सह. समिति की मूल रसीद कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें। नरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी-9414852996

मैं रीना पत्नि परी माल का प्लाट नं. ए-44, प्रेम एन्क्लेव, नारीया का बास, टोंक रोड, लूणियावास ग्रह निर्माण सहकारी समिति लि. का सोसायटी का मूल पट्टा, सोसायटी का साइट प्लान सोसायटी रसीद कहीं खो गई है। मिलने पर सम्पर्क करें। 9772633817

मेरे प्लाट नंबर 6/98 योजना विद्याधर नगर सेक्टर 6 जयपुर के मूल दस्तावेज जिसमें मूल लाइसेंस डीड सहित सभी दस्तावेज कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें। श्याम सुन्दर तोतला-9414826992

मैं बसन्ती देवी शर्मा पत्नि सुरेन्द्र कुमार शर्मा का प्लाट नं. 351, मोती नगर, गुलाबी नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. का सोसायटी की रसीद कहीं खो गई है। मिलने पर सम्पर्क करें-9460464489

श्री महावीर स्वामी ग्रह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना अरिहंत वाटिका के प्लाट नं. 87-सी, का सोसायटी द्वारा जारी मूल सोसायटी पट्टा साईड प्लान एवं मूल रसीद गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। मुकेश शर्मा-7014329599

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल छुट्टन कुरैशी पुत्र यासीन निवासी प्लाट नम्बर 37, गुलशन विहार प्रथम, तलाई, खो-नागोरियान जयपुर हाल निवासी विद्याधर नगर, जयपुर का पुत्र सलमान उर्फ राजा मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के कहने में नहीं हैं। इसलिये मेरे मुवक्किल छुट्टन कुरैशी ने अपने पुत्र सलमान उर्फ राजा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसलिये मेरा मुवक्किल व उसका परिवार उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। जो कोई भी उनसे किसी भी तरह का व्यवहार रखेगा, संव्यवहार करेगा अथवा किसी भी तरह का लेन-देन करेगा उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।

(मोहम्मद नासिर एडवोकेट), मो. 9829866874

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह है कि एक भुखण्ड K-172, मंगलम एयरपोर्ट सीटी शिववासपुरा, जयपुर में स्थित है, जिस पर मेरे पति श्री सौरभ शर्मा ने HDFC Bank से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त भुखण्ड के समस्त असल दस्तावेज HDFC Bank मे रहन कर रखे है। यह है कि मेरे पति श्री सौरभ शर्मा का दिनांक 20.11.2023 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त प्लाट के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण आदयगी HDFC Bank को की जा चुकी है। इसलिए अब मैं उक्त प्लाट के असल दस्तावेज को प्राप्त करना चाहती हूँ। यदि इस सम्बध में किसी व्यक्ति,, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की काई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन की तिथि से सात दिवस तक की अवधि मे HDFC Bank 1st Floor, उम्मेद मैशन B-53-54, हनुमान नगर-B गौतम मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर फोन नम्बर 0141-4140878 में सम्पर्क करें सूचित रहे।

अनुभा गौड, निवासी:- 6 माधव नगर, जयपुर, मो. 9785785442

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मोहन लाल सैन पुत्र स्वं श्री मोतीलाल सैन निवासी सिग्नल मोहल्ला, बांदीकुई, दौसा, राजस्थान हाल निवासी प्लाट नं 1080, बरकत नगर जयपुर का ज्येष्ठ पुत्र रवि सैन उनके कहे में नहीं है इसलिए मेरे अभिभाष्य ने अपने ज्येष्ठ पुत्र रवि सैन व उसकी पत्नि श्रीमती डोली सैन से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रखे हैं और रवि सैन अपनी पत्नि के साथ मेरे अभिभाष्य से पृथक निवास करता है, मेरे अभिभाष्य ने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से रवि सैन को बेदखल कर दिया है, इसलिए मेरे अभिभाष्य के आधार पर कोई भी व्यक्ति रवि सैन से किसी प्रकार का समव्यवहार नही रखे व नहीं किसी प्रकार का लेन-देन करे, अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। सूचित रहे।

(अतुल चतुर्वेदी) एडवोकेट, मो.-9828262621

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर

5वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर

Phone: 0141-2741805 Email: rschfjaipur@yahoo.com

क्रमांक-1262/24 दिनांक- 06.03.2024

आम सूचना

संघ की आवासीय योजना केसरीन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का फ्लैट संख्या 5/64 श्रीमती राजकुमारी गोयल पत्नि श्री गोपालदास गोयल को वर्ष 1986 में आवंटित किया गया था। श्रीमती राजकुमारी गोयल द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त फ्लैट की कन्वेंस डीड एवं परप्यूचल लीज जारी कर रजिस्ट्री करवाने हेतु निवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लैट पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त फ्लैट संख्या-5/64 की श्रीमती राजकुमारी गोयल पत्नि श्री गोपालदास गोयल के नाम संघ द्वारा कन्वेंस डीड एवं परप्यूचल लीज जारी कर रजिस्ट्री करवा दी जावेगी।

(ज्योति गुप्ता) प्रबंध निदेशक

समक्ष माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-6, जयपुर महानगर, द्वितीय

एसके फाईनेंस लि. बनाम राज्य सरकार

प्रकरण संख्या-52/24 (19/2024)

रतन कंवर पत्नी श्री भैरों सिंह निवासी सी-167-ए, जगदम्बा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302024 राज.।

प्रार्थी एसके फाईनेंस लिमिटेड द्वारा अपराध अन्तर्गत धारा 451, 457 आईपीसी पुलिस थाना करधनी में जब्त वाहन कार मारूति स्वीपट डिजायर रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ14CY1250 ईंजन नंबर 13A2443430 चेसिस नंबर ma3fjebis00608565 को सुपुर्दगी पर लिये जाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है आपको इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो आप न्यायालय में दिनांक 13.03.2024 को प्रात 10.00 एएम पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आपकी अनुपस्थिति में कार्यवाही की जावेगी।

मोहर वरिष्ठ रीडर

अपर जिला एवं सैशन न्यायालय क्रम-06 जयपुर महानगर द्वितीय

नाम परिवर्तन

मैं ओमी रतनू पत्नि आर्मी नंबर 15162495एफ हवलदार बीजू दान यूनिट 199 मीडियम रेजिमेट मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम ओमी कंवर है जो गलत है मेरा वास्तविक नाम ओमी रतनू सही है।

मैं राजश्री संतोष वाकले पत्नी आर्मी नंबर 15222752-ए, नायक वाकले संतोष शेषराव 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे पति, सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम राजश्री है, जो गलत है, मेरा असली नाम राजश्री संतोष वाकले है।

मैंने अपने पुत्र लक्ष्य का नाम बदलकर लक्ष्य सैनी पिता राजू सैनी रख लिया है भविष्य में मेरे पुत्र को लक्ष्य सैनी के नाम से ही जाना जाए। पता- राजू सैनी पिता मनसुख लाल सैनी ग्राम बड़ोदिया, त. कोटखावदा, जयपुर, राजस्थान

I have changed my name from Jose George Charuvil to Jose George S/o George Charuvil Kunjachan ,so that in future I will be known by this name.Resident- Plot No. 59, Shakti Nagar, Gopalpura Bypass, Jaipur.

I have changed my Name from Tanishka to Tanishka Gupta for all future purpose. 12, Vishwakarma Nagar II, Maharani Farm, Jaipur-302018

I Shrikant Namdeo Unde, Father of Yuvaan Shrikant Unde resident of Plot No. 08, Vijaynagar, Gujjar Ghati, Amer Rd Jaipur. have changed my Child Name from Yuvaan Shrikant Unde to Arnav Shrikant Unde vide Affidavit dated 07/03/2024 before amer court, Jaipur

उत्तर पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पांचवीं मंजिल, उत्तर-पश्चिम रेलवे मुख्यालय, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-302017 (राजस्थान) निम्नलिखित कार्य हेतु, आईआर ईपीएस पोर्टल पर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के माध्यम से खुली व "मुहरबंद" (सिंगल स्टेज, दो पैकेट प्रणाली) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करते हैं:- **निविदा संख्या: एनडब्ल्यूआर-एससी - ईपीसी - एबीआर - टीआरएएच - टी - 6आर।आर. एफ.पी. संख्या: उप मु. इंजी./नि./अज./तरंगा हिल/टी-01. कार्य का नाम एवं स्थान:** तरंगा हिल से आबूरोड़ नई बड़ी रेल लाईन के संबंध में तरंगा हिल रेलवे स्टेशन भवन, यात्रियों के लिये सुविधाऐं, प्लेटफॉर्म, अण्डरपास, प्लेटफार्म शैल्टर, सर्क्युलेटिंग एरिया का निर्माण और अन्य विविध कार्य। **निविदा का प्रकार:** इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के माध्यम से सिंगल स्टेज, दो पैकेट सिस्टम। **अनुमानित लागत:** ₹ 37,86,39,495.58. **बिड सिक्योरिटी/धरोहर राषि:** ₹ 18,93,200.00. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 (चौबीस) महीने **प्री-बिड बैठक की दिनांक और स्थान:** दिनांक-11.03.2024, समय 3.00 बजे (अपरान्ह), स्थान-उप मुख्य इन्जीनियर-(निर्माण), कार्यालय, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के पास, माल रोड़, अजमेर-305001 (राजस्थान)। **ई-प्रोक्योरमेन्ट